चपड़ासी व सफाई कर्मचारी के रिक्त पदों की भर्ती के लिए रोजगार सूचना।

जिला एंव सत्र न्यायालय अम्बाला में 12 पद चपड़ासी व 1 पद सफाई कर्मचारी, वेतनमान एफ. पी.एल. डी. एल. (रू. 16900-53500) एंव सामान्य भत्ते पूर्णतया अस्थाई आधार पर सर्वसाधारण से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों के लिए आवश्यक योग्यता इस प्रकार से होगी।

चपड़ासी- चपड़ासी के पद के लिए नियुक्ति उन अभ्यर्थियों में से की जाएगी जिन्होंने मिडल स्तर की परिक्षा पास की हो और जिन्हें हिन्दी या पंजाबी का ज्ञान हो।

सफाई कर्मचारी - सफाई कर्मचारी की भर्ती उन अभ्यर्थियों में से की जाएगी जिन्हे सफाई कार्य का अनुभव हो। उम्मीदवार हिन्दी या पंजाबी में हस्ताक्षर करने में सर्मथ होना चाहिए।

आयु सीमा - हरियाणा सरकार द्वारा जारी नवीनतम निर्देशानुसार चपड़ासी एंव सफाई कर्मचारी की नियुक्ति के लिए उम्मीदवार की न्युनतम आयु सीमा 01.01.2024 को 18 वर्ष और ऊपरी आयु सीमा 42 वर्ष होगी।

आरक्षण - उपरोक्त पदों का आरक्षण इस प्रकार है:-

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या					
1	चपड़ासी	12 पद					
		सामान्य	सामान्य (पी.डब्लयु. बी. डी.) (श्रेणी ए).	सामान्य (ई.एस.एम.)	अनुसूचित जाति	पिछड़ा वर्ग ए	पिछड़ा वर्ग बी
		05	01	01	02	02	01
2	सफाई कर्मचारी	01 पद					
		01	-	-	-	-	-

नोट :- 1. चयन के समय आरक्षण नीति पर विचार किया जाएगा और लागू किया जाएगा बशर्ते की चपड़ासी के पद के लिए आरक्षित श्रेणी के उपयुक्त उम्मीदवार की अनूपलब्धता की स्थिति में आरक्षित पद को सामान्य श्रेणी के उपयुक्त उम्मीदवार से भरा जाएगा।

2. पी. डब्लयु. बी. डी. (श्रेणी ए.) दृष्टिहीन व कम दृष्टि।

अंतिम तिथि - आवेदन भेजने की अंतिम तिथि 15.02.2024 सांय 5:00 बजे तक होगी।

चपड़ासी के 12 पदों और सफाई कर्मचारी के 1 पद के लिए साक्षातकार नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुसार उम्मीदवार के नाम के वर्णमाला कम के अनुसार आयोजित किये जाएंगे।

चपडासी व सफाई कर्मचारी के पद के लिए

27.02.2024	A, B, C, D, E, F
28.02.2024	G, H, I, J, K, L
29.02.2024	M, N, O, P, Q
01.03.2024	R, T, U, V
02.03.2024	S, W, X, Y, Z
04.03.2024	रोजगार कार्यालय व जिला सैनिक बोर्ड द्वारा प्रायोजित उम्मीदवार

उम्मीदवारों का रिर्पोटिंग समय जिला एंव सत्र न्यायालय, न्यायिक परिसर, अम्बाला शहर में सुबह 11:00 बजे होगा और साक्षात्कार दोपहर 01:30 बजे से उपरोक्त तिथियों के अनुसार होगा।

आवेदन भरने के लिए दिशा निर्देश :-

(1) आवेदन पत्र एक सादे कागज पर आवेदक की नवीनतम पासपोंट आकार की फोटो के साथ, आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि, लिंग, शैक्षणिक योग्यता, वर्ग / श्रेणी, वर्तमान व स्थाई पता, अनुभव (यदि हो), जन्म तिथि प्रमाण पत्र और अन्य स्वः प्रमाणित प्रतियां सहित पंजीकृत डाक या दस्ती द्वारा अंतिम तिथि से पहले, निम्नलिखित पते पर पहुंच जाना चाहिए।

अधीक्षक, कार्यालय जिला एंव सत्र न्यायधीश, न्यायिक परिसर, अम्बाला शहर, हरियाणा।

(2) ई० मेल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।

(3) अधुरे आवेदन, बिना फोटो और जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता और अन्य प्रासंगिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों के भरे गये आवेदन, उम्मीदवार को बिना किसी जानकारी के सीधे खारिज कर दिये जाएंगे।

(4) अधुरे आवेदनों या अंतिम तिथि के बाद, डाक में किसी भी देरी के लिए इस कार्यालय में प्राप्त आवेदनों के सम्बंध में किसी भी तरह के पत्राचार पर विचार नही किया जाएगा।

(5) आवेदनकर्ता द्वारा आवेदन पत्र के उपर सबंधित पद का नाम लिखा होना चाहिए, जिसके लिए आवेदन कर रहा है।

(6) उम्मीदवार को साक्षात्कार के समय अपने मूल दस्तावेज दिखाने होंगे।

(7) साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भत्ता या दैनिक भत्ता नही दिया जाएगा।

(8) रिक्त पदों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

जिला एंव सत्र न्यायधीश